41वाँ भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में राजस्थान मंडप का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

14 नवंबर, 2022 को नई दिल्ली के प्रगति मैदान में शुरू हुए चौदह दिवसीय भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में इस वर्ष की थीम 'वोकल फॉर लोकल, लोकल फॉर ग्लोबल' के अनुरूप राजस्थान मंडप नए रूप-रंग के साथ प्रारंभ हुआ।

प्रमुख बिंदु

- राजस्थान मंडप का उद्घाटन राजस्थान लघु उद्योग निगम (राजसीको) के चेयरमैन राजीव अरोड़ा ने किया। मेला के पहले दिन ही राजस्थान मंडप राजस्थानी कला और संस्कृति के प्रतीक रूप में दर्शकों के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहा।
- इस अवसर पर राजीव अरोड़ा ने कहा कि व्यवसाय जगत् और जनता के बीच राजस्थान राज्य सरकार के कार्यक्रमों एवं नीतियों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिये राजस्थान लघु उद्योग निगम लिमिटेड (राजसीको) द्वारा प्रगति मैदान में स्थापित राजस्थान पवेलियन देश-विदेश से आए व्यापारियों और दर्शकों के लिये राजस्थान को समझने और वहाँ निवेश करने के नए अवसरों को समझने का मौका प्रदान करेगा।
- राजसीको की प्रबंध निदेशक डॉ. मनीषा अरोड़ा ने कहा कि इस बार ट्रेड फेयर में आरएसआईसी के साथ-साथ रीको, बीआईपी और उद्योग विभाग भाग ले रहे हैं। **B2B** और **B2C** घटकों के साथ यह अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला सबसे बड़े एकीकृत व्यापार मेलों में से एक है, जिसमें भारत के लगभग सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश भाग ले रहे हैं।
- राजस्थान मंडप के निदेशक दिनेश सेठी ने बताया कि मंडप में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से व्यापार मेले में भाग लेने आए उद्यमियों द्वारा लगभग 27 स्टॉलों का प्रदर्शन किया गया है, जिसमें राजस्थान के विश्वप्रसिद्ध हस्तशिल्प उत्पादों को विशेषरूप से देश-विदेश में धूम मचाने वाली राजस्थानी हस्तशिल्प वस्तुओं में लाख की चूड़ियाँ, महिलाओं के श्रृंगार के विविध आईटम्स, टेक्सटाईल्स का सामान, चद्दरें और मोजड़ियों के उत्पादों के स्टॉल शामिल हैं।
- मंडप के मुख्य द्वार पर राजस्थान पर्यटन द्वारा एक चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रदेश के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों को प्रदर्शित किया गया है। मंडप स्थल पर रीको, रूडा और राजस्थली द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रदेश में राज्य सरकार द्वारा उद्योगों और हैंडीक्राफ्ट को बढ़ावा देने के लिये चलाए जा रहे कार्यक्रमों का विवरण प्रदर्शित किया है।
- अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में राजस्थान मंडप के उद्घाटन के दिन विशिष्ट अतिथियों में स्लोवाकिया के राजदूत महामहिम राबर्ट मैक्सियन, अफगानिस्तान के उप राजदूत कादिर शाह, केन्या के राजनयिक पैट्रिक ओमिनियो सहित व्यापार और फिल्म जगत् की कई हस्तियों ने भ्रमण किया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/41st-india-international-trade-fair